# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रदेश में जल्द लॉन्च किया जाएगा 'एक जनपद–एक उत्पाद योजना' का दूसरा संस्करण : खान–पान की परंपरा को ब्रांड बनाने के लिए सरकार शुरू करेगी 'एक जनपद–एक व्यंजन' की नई पहल।
2. उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण मामले में केंद्र सरकार ने दी राहत : अगले तीन महीने तक नहीं लगाया जाएगा जुर्माना।
3. प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रत्येक चरण की सतत् मॉनीटरिंग किए जाने के दिए निर्देश : अंबेडकरनगर और अमरोहा में 99 फीसदी गणना प्रपत्रों को जमा करने का कार्य पूरा।

और

4. काशी तमिल संगमम के चौथे दिन बीएचयू में हुआ शैक्षणिक सत्र का आयोजन : उत्तर और दक्षिण भारत के सांस्कृतिक संबंधो को मजबूत करने के उद्देश्य से तमिलनाडु से आए छात्र समूह ने आज अयोध्या में किए श्री रामलला के दर्शन।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में 'एक जिला– एक उत्पाद योजना' की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी 'एक जनपद–एक उत्पाद योजना' अब अपने अगले चरण ओडीओपी 2.0 के माध्यम से स्थानीय उद्योग, स्वरोज़गार और निर्यात को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ओडीओपी 2.0 के माध्यम से सरकार का लक्ष्य होगा कि प्रदेश के पारंपरिक उत्पाद बड़े बाज़ार, निर्यात और स्थायी रोजगार का मजबूत आधार बनें। पेश है एकरिपोर्ट....

*उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी 'एक जनपद–एक उत्पाद योजना' का अब दूसरा संस्करण लॉंच होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बदलते वैश्विक बाजार, आधुनिक मांग, तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता और पैकेजिंग की नई आवश्यकताओं को देखते हुए ओडीओपी को अब और अधिक व्यापक, व्यावसायिक और बेहतर स्वरूप में आगे बढाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जनपद की विशिष्ट खाद्य परंपरा को भी एक संगठित पहचान देने की दिशा में एक जनपद–एक व्यंजन ओडीओसी की अवधारणा को साकार करने की भी जरूरत बताई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ओडीओपी उत्पादों को बड़े रीटेल नेटवर्क और आधुनिक बाजारों से भी जोड़ा जाए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुशील चन्द्र तिवारी।*

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए चल रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब सिर्फ निवेश की संभावना नहीं, बल्कि निवेश के भरोसे का राज्य बन गया है। लखनऊ में आज औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा

बैठक में उन्होंने कहा कि हर निवेशक के साथ संवाद लगातार बना रहना चाहिए। पेश है एक रिपोर्ट....

*समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पीड, स्टेबिलिटी और सपोर्ट ही नए उत्तर प्रदेश की पहचान होनी चाहिए। इसी से प्रदेश का औद्योगिक विकास तेज होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट यूपी के सभी कंट्री डेस्क की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सभी विदेशी डेस्क द्वारा नियमित अंतराल पर राउंड टेबल बैठकें होती रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने उद्योगों को गति देने के लिए 'प्लग एंड प्ले' मॉडल पर विशेष जोर दिया। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आश्वासन दिया है कि सरकार अगले तीन महीनों तक उन लोगों पर कोई जुर्माना नहीं लगाएगी और न ही सख्त कार्रवाई करेगी जिन्होंने उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण नहीं कराया है। उन्होंने कहा कि आज आखिरी दिन है और लाखों संपत्तियां अभी भी पंजीकृत नहीं हुई हैं। नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि यह निर्णय कई सांसदों और समुदाय के प्रतिनिधियों द्वारा मुतवल्लियों के सामने आने वाली चुनौतियों का हवाला देते हुए अतिरिक्त समय का अनुरोध करने के बाद लिया गया है।

*जितने भी मुत्तावल्लीस के माध्यम से उम्मीद पोर्टल में अपलोड करने के लिए जो कोशिश किया, पोर्टल में रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया उनको मैं आश्वासन देना चाहता हूं कि हम आगे आपके लिए रास्ता खोलेंगे और 3 महीने तक हम कोई कठोर कदम नहीं उठाएंगे। हम कोई जुर्माना नहीं लगाएंगे 3 महीने के समय में जितने भी वक्फ प्रॉपर्टीज हैं, मुत्तावल्लीस के जो अधीन है वह रजिस्ट्रेशन करा लीजिए।*

——————————

प्रदेश में एसआईआर के तहत मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का काम तेज़ी से पूरा किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदोप रिणवा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एसआईआर कार्य को पूरा करने के लिए बीएलओ को पूर्ण सहयोग किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रत्येक चरण की सतत् मॉनीटरिंग की जाए तथा निवाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशो का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उधर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज प्रयागराज में भाजपा कार्यालय पर आयोजित मतदाता गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। पुनरीक्षण के क्रम में अम्बेडकरनगर में अब तक लगभग 99 प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा हो चुके हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि ज़िले में 85 प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइज़ेशन किया जा चुका है। बाइट..

*एसआईआर के अंतर्गत जिले में लगभग 18,70,000 वोटर हैं, इनके हम लोग को फॉर्म इनोमिनेशन फॉर्म भरवा के बीएलओ एप्प में फीड कराने थे तो वह कार्य लगभग 98.5: हो गया है और इसमें टाइम एक्सटेंशन भी चुनाव आयोग द्वारा दिया गया था 11 दिसंबर तक का तो हम लोग लगभग एक हफ्ता पहले ही इस कार्य को कंप्लीट कर ले रहे हैं।*

वहीं अमरोहा में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के एसआईआर का कार्य 99 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। फतेहपुर

जिले में भी एसआईआर प्रक्रिया के तहत 89 प्रतिशत सत्यापन का काम पूरा हो गया है। बीएलओ नीलम ने बताया कि घर–घर जाकर फॉर्म भरवाया जा रहा है।

बाइट...

*लोग डोर टू डोर जाकर भ्रमण कर रहे हैं। जिन लोगों का एसआईआर फार्म नहीं मिल रहा है, उनका एप्प द्वारा एप्प सर्च करके उनका फार्म एसआईआर भरवा रहे हैं तो हम लोगों को अच्छी सुविधा मिल रही है।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि नागर विमानन महानिदेशालय के उड़ान ड्यूटी समय सीमा संबंधी आदेश तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिए गए हैं। इंडिगो की उडान सेवा में बाधा के बारे में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने इंडिगो एयरलाइंस में उड़ान समय–सारिणी में जारी व्यवधान दूर करने के लिए तत्काल

और सक्रिय कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से यात्रियों के हित में लिया गया है।

मंत्रालय ने एक चौबीसौ घंटे काम करने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। उधर लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आज कई विमान सेवाएं प्रभावित रहों। वाराणसी में भी 21 फ्लाइट के आवागमन और प्रस्थान को रद्द करना पड़ा।

——————

रामपुर की विशेष एमपी–एमएलए अदालत ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को सात साल कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दो अलग–अलग पासपोर्ट रखने के मामले में सुनवाई के दौरान उन्हें दोषी करार देते हुए यह सज़ा सुनाई। इसके साथ ही उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ फर्जी कागज़ात के आधार पर पासपोर्ट बनवाने का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

——————

काशी तमिल संगमम का चौथा संस्करण 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को दृढ़ता से पोषित कर रहा है। वाराणसी में आज काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर में काशी और तमिलनाडु की आध्यात्मिक एवं दार्शनिक परम्पराएं विषय पर एक शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया

गया, इसमें तमिलनाडु के विभिन्न संस्थानों से आये लगभग दो सौ शिक्षकों ने भाग लिया। नेशनल बुक ट्रस्ट की तरफ से भी बच्चों के लिए कई शिक्षाप्रद और रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इसके साथ ही  राष्ट्रीय ई–पुस्तकालय  का परिचय सत्र भी आयोजित किया गया।

उधर उत्तर और दक्षिण भारत के सांस्कृतिक संबंधो को मजबूत करने के उद्देश्य से तमिलनाडु से आए छात्र समूह ने आज अयोध्या में भगवान श्री रामलला के दर्शन किए। रामलला के दर्शन के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने राम दरबार का अवलोकन किया। इसके बाद सभी छात्रां ने श्री हनुमान गढ़ी में हनुमान जी के दर्शन किए। छात्रों ने अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा के बारे में कहा कि उन्हें पहली बार उत्तर भारत की आस्था, परंपरा और भक्ति की विराट संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से जानने और महसूस करने का अवसर मिला।

——————————

लखनऊ के नवाब वाजिद अलो शाह प्राणी उद्यान में ईको–टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने एक करोड़ 91 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य जू को अधिक आकर्षक, पर्यावरण–संगत और बच्चों के लिए अनुकूल बनाना है।

——————————

मेरठ के कुलवंत सिंह स्टेडियम में आज भारतीय सेना ने स्थानीय सैन्य इकाइयों और स्कूल के बच्चों के लिए शौर्य रन का आयोजन किया। इस रन का शुभारंभ पश्चिम यूपी मुख्यालय के जीओसी मेजर जनरल सुमित राणा ने किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल दीप अहलावत ने प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और काम और मनोरंजन के बीच संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी।

————————